(b) the persons with whom he had discussions in Delhi ; and

(c) the main points thereof ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI SURENDRA PAL SINGH) : (a) and (b). To meet Prime Minister, Foreign Minister and high officials in the Ministry of External Affairs.

(c) Views on international and bilateral questions of mutual interest were exchanged.

———

## CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

### Laying off of about 50,000 colliery workers by leading coal producers in Asansol area

MR. SPEAKER : We will now take up the Calling Attention Notice. Hereafter I am going to call it Call Attention and not Calling Attention

**श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा (बाढ़) :** अध्यक्ष महोदय, हम लोगों की तरफ से प्रधान मंत्री को मुबारकबाद दे दीजिए कि लाइसेंसिंग कमेटी के चेयरमैन होने के बाद उन्होंने अपने लड़के को कार का लाइसेंस दे दिया। और अपने कजिन ब्रदर्स और कजिन सिस्टर्स से भी वह अप्लाई कर वा दें।...(व्यवधान)...

**श्री देवेन सेन (आसनसोल) :** अध्यक्ष महोदय, मैं अविलम्बनीय लोक महत्व के निम्नलिखित विषय की ओर पैट्रोलियम तथा रसायन और खान तथा धातु मंत्री का ध्यान दिलाता हूं और प्रार्थना करता हूँ कि वह इस के ऊपर वक्तव्य दें :

> "आसनसोल क्षेत्र में प्रमुख कोयला उत्पादकों द्वारा लगभग 50 हजार कोयला खान श्रमिकों को जबरी छुट्टी दिए जाने का समाचार।"

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND CHEMICALS, AND MINES AND METALS (SHRI NITIRAJ SINGH CHAUDHARY) : Sir, there has been a strike in the factory of the Indian explosives Ltd. at Gomia from 1 8 1970. The State Government had taken necessary steps to arrange for reconciliation between the management and the employees of the factory. Even the Minister for Labour of the State Government was personally present at Kathara in an endeavour to find a solution for the problem. However, all attempts for reconciliation are reported to have failed The strike was declared illegal by the Government of Bihar on Saturday night (8.8.1970).

SHRI S. M BANERJEE (Kanpur) : Sir, I rise on a point of order. The Minister of State for Petroleum and Chemicals says that the strike has been declared illegal. I think this should be replied to by the Labour Minister. But he is not present here and a Minister belonging to another Ministry replies to that. Sir, you should ask the Labour Minister to reply.

MR. SPEAKER : This Calling Attention Notice was addressed to the Minister of Petroleum and Chemicals.

SHRI S. M BANERJEE : My point of order is this. This concerns 50,000 colliery workers. Whether the strike has been declared legal or illegal, it is for the Labour Ministry to say. How can this Ministry speak about it ? Let the Labour Ministry say so.

THE MINISTER OF PETROLEUM AND CHEMICALS, AND MINES AND METALS (DR. TRIGUNA SEN) : We are just stating what is happening there. We have not declared the strike illegal. We are just stating the facts.

MR. SPEAKER : The Minister says that he has not declared the strike illegal. He is only stating a fact. So, I would request Shri Banerjee to resume his seat.

SHRI NITIRAJ SINGH CHAUDHARY : Necessary police protection was also given to prevent any untoward incidents. The dispute is reported to have been referred to an adjudicator. Further efforts for finding a solution are still being pursued.

[Shri Nitiraj Singh Chaudhary]

Yesterday, the existing stock of 1,375 tonnes has started moving from the factory without any obstruction from the strikers. This quantity of explosives is expected to keep the coal mines of Bengal and Bihar going for another 10 days or so.

As a consequence of the scarcity of explosives many coal mines in the Bengal-Bihar area had to close down and lay off their workers. From available reports, a very large number of labourers have been laid off though the precise number is not known. In view of the fact that the existing stock has been brought out from the factory, it is possible that the coal mines can be revived for another short period. If during this period the production of explosives at Gomia is not resumed, then the present difficulty will reappear after 10-15 days.

The Chief Secretary of the Bihar State Government has been contacted and the grave situation arising out of the large-scale lay off of labourers from the Bengal-Bihar coalfields has already been communicated to him.

SHRI S M. BANERJEE : On a point of order, Sir My point of order is that this calling-attention notice was based on press reports that for want of explosives many thousands of workers had been laid off.

MR. SPEAKER : I know that Shri Banerjee and Moulvi Abdul Ghani Dar are experts in including anything in the form of a point of order.

SHRI S. M. BANERJEE : This calling-attention notice has two aspects : availability of explosives and laying off of labour. Therefore it has to be answered by both the Ministers. The Labour Minister's presence is also necessary.

MR. SPEAKER : He has not declared it illegal.

SHRI S. M. BANERJEE : I know ; the strike has been declared illegal by the Bihar Government.

MR. SPEAKER : I have already given my ruling on it. Why are you repeating it ?

SHRI S. M. BANERJEE : My point is that this calling-attention has been admitted wrongly. It should be replied to by the Labour Minister.

MR. SPEAKER : I am not going to allow such interruptions during the calling-attention. I have already given my ruling. Shri Banerjee should now sit down.

श्री देवेन सेन : अध्यक्ष महोदय, मैं, पहले जो वक्तव्य यहां दिया गया मंत्री महोदय की तरफ से उस की तरफ नजर खींचना चाहता हूं । फर्स्ट पैराग्राफ में कहा गया है ।

"55,000 colliery workers with three leading producers"

तो यह तीन लीडिंग कोल प्रोड्यूसर्स के नाम क्या हैं ? वह कौन से इलाके के हैं ? आसनसोल के हैं या बिहार के हैं या मध्य प्रदेश के हैं या हैदराबाद के हैं ? कहां के कोल प्रोड्यूसर्स हैं ? इस की हम लोगों को खबर मिलनी चाहिए ।

55 हजार यहां पर कहा गया लास्ट बट वन पैराग्राफ में देखिए ।

"a very large number of labourers have been laid off though the precise number is not known."

यहाँ तो 55 हजार कहा गया और यहां कहा जाता है कि प्रैसाइज नम्बर इज नाट नोन । हमारे पास तार आया है आसनसोल से कि 1 लाख मजदूर ले आफ हुए और मुझे झरिया की खबर मिली नहीं, हैदराबाद की खबर मिली नहीं, मध्य प्रदेश की खबर मिली नहीं । तो पहली बात तो मैं यह जानना चाहता हूं कि यह तीन प्रोड्यूसर्स कौन से इलाके के हैं ? उन की कोलियरी किसी एक ही जगह पर है या सब जगह बिखरी हुई है ? मैं बताना चाहता हूं कि आसनसोल हिन्दुस्तान का 60 परसेंट कोल सप्लाई करता है । यह 1 लाख मजदूर ले आफ हो गए, दो लाख मजदूर वहां हैं, उनके परिवार को लेकर करीब 4 लाख

माइनिंग पापुलेशन वहां है, तो अगर ले आफ हो गया तो यह खाएंगे कहाँ से मैं यह पूछना चाहता हूं।

दूसरी बात-एक्सप्लोसिव नहीं मिल रहा है यह खबर सरकार के पास कब आई? उन के डाइरेक्टर आफ माइन्स की तरफ से खबर आई थी या नहीं और आई तो कब आई थी? इस के अलावा स्ट्राइक हुआ पहली तारीख को और 11-12 तारीख को ले आफ शुरू हुआ तो इन दस बारह दिनों में सरकार की तरफ से कोई कार्यवाही क्यों नहीं हुई? वहां से जो खबर आई है उस से मालूम होता है कि एक आदमी के डिसमिसल को ले कर झगड़ा है। तो डिसमिसल क्यों नहीं उठा लिया जाता? क्यों नहीं उस को फिर से बहाल किया जाता है? क्यों कि इस से स्टील के प्रोडक्शन को धक्का लगेगा, फर्टिलाइजर के प्रोडक्शन को धक्का लगेगा और रेलवे के प्रोडक्शन को भी धक्का लगेगा। समूचे हिन्दुस्तान की आर्थिक स्थिति को इस से धक्का लगेगा। और यही नहीं अखबारों मे हम ने देखा कि यह हड़ताल और ले आफ और दूसरे इलाकों में भी स्प्रिड हो रही है, फैल रही है। वह भी मंत्री महोदय ने नहीं बताया कि केवल आसनसोल में हुआ या झरिया में हुआ या किस किस जगह हुआ? कहां-कहां यह चीज फैल रही है? कहां-कहां यह ले आफ हुआ है और कौन-कौन कम्पनी कर रही है और सरकार के पास इस की खबर आई तो सरकार ने कोई स्टेप क्यों नहीं लिया? मैं यह भी जानना चाहता हूं कि एक्सप्लोसिव का कोई स्टाक नहीं है क्या? आसनसोल का जो एजेंट है इस का उस के बारे में कहा जाता है कि वह जितना एक्सप्लोसिव उस को प्राप्त था वह सब लाया नहीं। तो यह मेरा पहला प्रश्न है...

**अध्यक्ष महोदय** : आप को और जो कुछ पूछना हो इसी के साथ पूछ लें, दुबारा आप को मौका नहीं मिलेगा।

**श्री देवेन सेन** : मैं यह भी कहना चाहता चाहता हूँ—मेरे कानों में यह बात आई है कि कोलियरीज में सब जगह स्टाक जमा हो गया और कोलियरीज के ओनर्स चाहते हैं कि यह स्ट्राइक और लोक-आउट हो, ताकि उनको मजदूरों को कोई पैसा न देना पड़े। इस लिये मैं जानना चाहता हूं कि जितने दिन यह बन्द रहेगा, मजदूरों को पूरा तलब क्यों नहीं दिया जायेगा?

DR. TRIGUNA SEN : Sir, the explosives is an essential commodity for the mining industry, particularly, in Bihar and Bengal areas where no mine can work without explosives for this industry. Due to the strike in the Gomia Explosives factory, for the reasons stated by my colleague, it is difficult to take out the explosives that are there in the factory itself With great difficulty, some stock was taken out only yesterday. If there are no explosives, no mine in the Bihar-Bengal area can be exploited.

SHRI DEVEN SEN : There is no stock with them.

DR. TRIGUNA SEN : So long as they had the stock, they carried on. But the question is that they never thought of creating a buffer stock. As soon as the strike was called on the 1st August, we contacted the State Government. The Labour Minister is already there trying to negotiate with the workers. As my hon. friend said, I am told—I do not know how far it is true - that because one employees who was on probation was not made permanent, on this issue, first the officers went on strike and then the workers joined them. The whole factory is now closed.

Now, with a little quantity of the stock that was available there, 1,375 tonnes, the work has started. But we have seen that if this stock is distributed amongst all the mines, the mines can work only for 10 to 15 days. So this is an urgent matter and I would appeal to Shri Deven Sen, the labour leader, to go and see that the strike is called off.

SHRI S. M. BANERJEE : That is why we wanted the Labour Minister also here to answer it.

DR. TRIGUNA SEN : Only the Labour Minister cannot do. The Labour leaders are also to help it. I would appeal to Shri Deven Sen to realise that if there are no explosives and if the strike goes on, the whole mining industry in the country will be in difficulty and I wish he goes and settles it. It is a very serious matter. Unfortunately, this is the only factory which is producing explosives. There is another one in the private sector at Hyderabad. But I am afraid that will not be on full stream before December next. We have taken two steps in the matter We have approached the State Government to see that the strike is called off. At the same time, we are trying urgently to import explosives from abroad. But there is some difficulty We cannot airlift it. We are trying to get them by ships but in small quantities. So, the only way out is to get the strike called off. That is why I am appealing to the labour leaders to see that it is called off quickly.

**श्री शिवचरण लाल** (फिरोजाबाद) : अध्यक्ष महोदय, कोयला खदानों के मजदूरों के साथ आये-दिन यह अन्याय होता रहता है। मैं सरकार से जानना चाहता हूँ कि कोयला खदानों का राष्ट्रीयकरण क्यों नहीं कर देते ताकि ठेकेदार लोगों का जुल्म जो मजदूरों को सताया करते हैं, खत्म हो सके? इस वक्त लगभग 1 लाख मजदूर वहां पर बेकार बैठे हुए हैं, मैं श्री देवेन सेन की मांग का समर्थन करते हुए अनुरोध करता हूं कि जब तक वे नौकरी पर न आयें, उन को पूरी तनख्वाह दी जाय। आप ने अभी कहा कि नेता लोग वहाँ जा कर इस का फैसला करायें, मैं चाहता हूं कि मजदूरों में जो असन्तोष फैला हुआ है उनके बच्चे भूखे हैं, रोजी-रोटी के लिये वे बैठे हुए हैं उनके असन्तोष को दूर करने के लिये आप खुद वहां जा कर इस का फैसला करायें।

DR. TRIGUNA SEN : As I said we have requested the State Government to look into the matter. The Labour Minister is already there. We contacted the Chief Secretary there. They are trying their best to settle the issue. I don't think if I go there, it will be of any use From the other side I am appealing to the labour leaders to go there and help.

**श्री शिवचरण लाल** : राष्ट्रीयकरण के बारे में आपने क्या कहा? मैंने खदानों के राष्ट्रीयकरण के लिये भी कहा था?

DR. TRIGUNA SEN : It is not possible to nationalise all coal industry in the country

SHRI SHEO NARAIN (Basti) : Only 14 banks they can nationalise.

MR. SPEAKER : Mr. Shiv Kumar Shastri.

SHRI S. M. BANERJEE (Karpur) : The call attention motion is monopolised by all Shastris.

**श्री शिव कुमार शास्त्री** (अलीगढ़) : इस में क्या हर्ज है।

अध्यक्ष महोदय, अभी माननीय मंत्री जी ने उत्तर देते हुए यह बताया कि विस्फोटक पदार्थों के अभाव में ये सब कठिनाइयां उत्पन्न हुई हैं। जब कोयले की खानों को चलाने के लिये इस पदार्थ की इतनी महत्ता है, तो पहले से हिदायत दी जानी चाहिये थी कि अगर किसी कारण से वहां पर मजदूरों की हड़ताल होती है तो कम से कम चार-छः महीने तक कारखाने के बन्द होने की सूरत में भी कोयला खदानों का काम चलता रहे, ऐसी व्यवस्था होनी चाहिये। मैं जानना चाहता हूँ कि यह सावधानी पहले से क्यों नहीं बरती गई तथा कितने दिनों का स्टाक रखने के लिये आदेश दिये हुए हैं? अगर इस तरह की सावधानी नहीं बरती गई तो भविष्य में ऐसी सावधानी बरतने के लिये आप क्या उपाय कर रहे हैं?

DR. TRIGUNA SEN : We are trying to import explosives and make a buffer stock for six months for ensuring supply to different parts of the country. At the same time though, it is not provided in the Fourth Five Year Plan we are also thinking seriously to have an explosives factory in

the public sector. We have already requested the concerned agency to work out the details.

**श्री शिव कुमार शास्त्री** : जब 6 महीने के लिये रखते हैं तो यह कैसे हो गया ?

**डा० त्रिगुण सेन** : इस से ज्यादा रखने में दिक्कत होती है ।

**श्री प्रकाशवीर शास्त्री** (हापुड़) : अध्यक्ष महोदय, मैं आप के माध्यम से रसायन मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या यह सत्य है कि जैसे **इण्डियन एक्सप्रेस** में समाचार प्रकाशित हुआ है कि गोमिया की फैक्टरी में अभी भी इतना विस्फोटक पदार्थ है जो दो सप्ताह तक इन खानों के लिये पर्याप्त हो सकता है । यदि यह सही है तो दो सप्ताह की इस सामग्री को उन खदानों को दे दिया जाय और दो सप्ताह के अन्दर जितने भी झगड़े हैं, उन को मध्यस्थ के सुपुर्द कर दिया जाय, जिस से हड़ताल समाप्त हो जाय और आगे चल कर कोयले का उत्पादन ज्यों का त्यों होता रहे ?

दूसरी बात मैं यह जानना चाहता हूं—इस हड़ताल के मामले में बिहार सरकार और केन्दीय सरकार दोनों दो पक्ष हैं, क्या राज्य सरकार ने इस सम्बन्ध में आप के पास कोई सुझाव भेजे हैं, यदि भेजे हैं तो उनके ऊपर आप की क्या प्रतिक्रिया है ?

**डा० त्रिगुण सेन** : यह बात सही है कि जो एक्सप्लोसिव वर्क्स है, उस में 1375 टन का स्टाक है, कल से उस को बाहर निकालने की कोशिश कर रहे हैं जो 10 दिन तक चल सकेगा । लेकिन मुझे भय है कि यदि स्ट्राइक जल्दी न खत्म हुई तो आगे बहुत दिक्कत होगी ।

It is a question of the State Government and a private industry. The Union Government does not come into the picture. We only come into the picture because we are very anxious that unless the strike is called off there will be a great difficulty in the whole mining industry. So we are contacting the State Government again and again and I have been appealing to the labour leaders also to see that it is done. Otherwise, the mining industry in the whole of the country will be seriously affected.

**श्री रघुवीर सिंह शास्त्री** (बागपत) : श्रीमन्, क्या यह ठीक है कि न केवल कोयला खानों के लिए बल्कि दूसरी माइका वगैरह की जो खाने हैं उनके लिए भी इन विस्फोटक पदार्थों की आवश्यतका होती है । यदि विस्फोटक पदार्थ उपलब्ध नहीं हुए तो कोयला खानें ही बन्द नहीं होंगी बल्कि दूसरी खानें भी जोकि बहुत महत्वपूर्ण रक्षा सामग्री के उत्पादन के कारखानों के लिए आवश्यक हैं, वह भी बन्द हो जायेंगी । ऐसी स्थिति में मैं मन्त्री महोदय से यह भी पूछना चाहता हूं कि उन्होंने कहा कि गवर्नमेंट आफ इंडिया तो पिक्चर में आती नहीं तो यह जो एक्स्प्लोजिव फैक्टरी गोमिया में है वह किसकी फैक्टरी है—जहां तक मेरी जानकारी है वह पब्लिक सैक्टर की फैक्टरी है, गवर्नमेंट आफ इंडिया की फैक्टरी है तो गवर्नमेंट आफ इंडिया का जो सबसे पहला प्रयास होना चाहिए वह यह होना चाहिए कि उस हड़ताल को समाप्त कराने का यत्न करे क्योंकि मौलिक कठिनाई वही है और जबतक मौलिक कठिनाई समाप्त नहीं होगी तब तक कोयला खानों या दूसरी खानों के मजदूर जो हैं उनको विस्फोटक पदार्थ न मिलने से कोई काम नहीं रहेगा । इसलिए सब से पहली आवश्यकता इस बात की है कि आप स्वयं वहां पर जा करके श्रम मन्त्री के साथ और बिहार सरकार के श्रम मन्त्री को लेकर इस बात का यत्न करें कि हड़ताल समाप्त हो जाये । आपकी बात से और स्टेटमेंट से ऐसा मालूम होता है कि यह मामला आपस में नहीं सुलझ पाया और ट्रिब्यूनल में भेज दिया गया है । आप जानते हैं कि ट्रिब्यूनल में जो भी मामला जाता है उसमें

[श्री रघुवीर सिंह शास्त्री]

महीनों और वर्षों लग सकते हैं तो उससे कैसे काम चलेगा ?

दूसरे क्या गवर्नमेंट ने कभी यह सोचा है कि केवल एक फैक्टरी के रहते ऐसी कठिनाइयां और समस्यायें फिर पैदा हो सकती हैं इसलिए कोई दूसरी फैक्टरी भी एक्स्प्लोजिव पदार्थ बनाने के लिए जल्दी से जल्दी स्थापित की जाये ? क्या इस बात पर भी गवर्नमेंट ने कभी विचार किया है ?

DR. TRIGUNA SEN : I have replied to almost all the questions, that if the coal mines cannot be exploited many industries like power supply and others will also be affected. It will affect the whole mining industry also ; it is a very serious matter. Because we are interested in the overall mining and industrial development in the country we are very much in it ; we are concerned about it ; we are worried about it. We have also referred this matter to the Labour Ministry to try and see if they can come and help to bring about a settlement about this. Therefore, it is not that we are sitting quiet.

About the other matters mentioned, this factory, I am told is of the ICI, which is a private sector factory. It is very unfortunate that there is only one factory now functioning in the private sector for such an important item on which depends the future development of the whole mining industry.

SHRI S. M. BANERJEE : Take it over...

DR. TRIGUNA SEN : We have discussed this. We are approaching the Planning Commission for a factory in the public sector. Unfortunately the other private sector factory which is being constructed in Hyderabad has not gone on stream. We are trying to see whether we can have a factory in the public sector. We are trying to see that there is no deficiency in supply of explosives and that the industry does not suffer. We are taking all precautionary measures.

---

**12.32 hrs.**

## PAPERS LAID ON THE TABLE

### Coir Retting (licensing) Amendment Order and papers under Coir Industry Act

**वैदेशिक व्यापार मन्त्रालय में उप-मन्त्री (श्री राम सेवक)** : अध्यक्ष महोदय, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूँ :

(1) अत्यावश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 की उप धारा (6) के अन्तर्गत नारियल जटा गलाना (लाइसेंस देना) संशोधन आदेश, 1970 (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण), जो दिनांक 10 जून, 1970 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या 2141 में प्रकाशित हुआ था। [*Placed in Library. See* No. LT—3934/70]

(2) नारियल जटा अधिनियम, 1953 की धारा 19 की उप धारा (1) के अन्तर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति :—

(एक) वर्ष 1968-69 के लिए नारियल जटा बोर्ड के क्रियाकलापों तथा नारियल जटा उद्योग अधिनियम, 1953 के लागू किये जाने संबंधी वार्षिक प्रतिवेदन (हिन्दी संस्करण)। [*Placed in Library. See* No. LT—3935/70]

(दो) 1 अप्रैल, 1969 से 30 सितम्बर, 1969 तक की अवधि के लिए नारियल जटा बोर्ड के क्रियाकलापों तथा नारियल जटा उद्योग अधिनियम, 1953 के लागू किये जाने सम्बन्धी अर्ध-वार्षिक प्रतिवेदन (हिन्दी तथा